मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-44
19/01/2021

मुख्यमंत्री ने डी0जी0पी0 से रूपेश हत्याकाण्ड मामले में अनुसंधान एवं जॉच की अद्यतन जानकारी ली

- हत्याकाण्ड का उद्भेदन कर दोषियों की अविलम्ब गिरफ्तारी हो– मुख्यमंत्री

पटना, 19 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल से रूपेश कुमार सिंह हत्याकाण्ड मामले में अनुसंधान एवं जॉच की अद्यतन जानकारी ली। पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री को अब तक हुयी जॉच के संबंध में विभिन्न तथ्यों से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि रूपेश कुमार सिंह हत्याकाण्ड मामले का उद्भेदन कर दोषियों की अविलम्ब गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के अन्य जिलों में भी इस तरह के लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई कर दोषियों की अविलम्ब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस अपराधियों के खिलाफ पूरी सख्ती से पेश आये। सरकार हत्याकाण्ड के दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर पूरी तरह संवेदनशील एवं गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे गंभीर मामलों में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

******